खबर संक्षेप

## किशोरी को रोककर मनचले ने भरी मांग, गिरफ्तार



**कानपुर।** शहर में मनचलों के हौसलें बुलंद हैं। गोविंदनगर इलाके में मनचले ने सरेराह किशोरी को रोककर उसकी मांग भर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गोविंदनगर थानाक्षेत्र में निवासी महिला ने इलाके के युवक अनुराग उर्फ गोल्डी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि शनिवार शाम को युवक ने उनकी 16 साल की नाबालिग बेटी को सरेराह रोककर मांग में सिंदूर भर दिया। महिला की शिकायत पर गोविंदनगर पुलिस ने अनुराग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। किशोरी की मां ने बताया कि शनिवार रात बेटी घर का सामान लेने दुकान जा रही थी। उसके साथ छोटी बेटी भी थी। तभी वह आया और उसने मांग भर दी और जबरन बेटी को अपने साथ घर ले गया। छोटी बेटी ने उन्हें इस बारे में बताया तो वह आरोपी के घर गई तो उनके परिजनों ने बेटी भेजने से मना किया और जान से मारने की धमकी दी। गोविंदनगर इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मुस्लिम महिलाओं ने उर्दू में पढ़ी राम आरती



**वाराणसी।** वक्फ कानून को लेकर एक तरफ पूरे देश में कट्टरपंथी मौलानाओं ने नफरत की आग जला रखी है। वहीं दूसरी तरफ, रामनवमी के अवसर पर मुस्लिम महिलाओं ने श्रीराम की महाआरती कर नफरत की आग पर प्रेम का पानी डालकर बुझाने का संदेश दिया। मुस्लिम महिला फाउंडेशन और विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मुस्लिम महिलाओं की श्रीराम महाआरती का आयोजन लमही के सुभाष भवन में किया गया। सजावटी थाल, खूबसूरत रंगोली, उर्दू में लिखा श्रीराम मुस्लिम महिलाओं की श्रद्धा को व्यक्त कर रहा था। मुस्लिम महिलाएं खुश थीं, क्योंकि वक्फ संशोधन बिल पास हो गया और उसमें उनको भी अधिकार मिला है। कहा गया कि पूरे देश में वक्फ कानून को लेकर नफरत भ?काकर हिन्दू-मुसलमानों के बीच समाज को बांटा जा रहा है। मौलानाओं के बयान देश को तो?ने की दिशा में आ रहे हैं। ऐसे में काशी से मुस्लिम महिलाओं द्वारा प्रेम, एकता और साम्प्रदायिक सौहार्द्र का संदेश नफरत फैलाने वालों के मुंह पर तमाचा है। केंद्र सरकार को बड़ी राहत भी मिली जब मुस्लिम महिलाओं ने कहा कि वक्फ कानून रामजी की कृपा से पास हुआ है। नकाबपोश मुस्लिम महिलाओं ने मुस्लिम महिला फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नाजनीन अंसारी के नेतृत्व में भगवान श्रीराम की आरती उतारी। उर्दू में लिखी राम आरती को मुस्लिम महिलाओं ने गाया। रामजी के जन्म पर सोहर गाये गए और जय सियाराम का नारा लगा। हमारे पूर्वज राम भक्त थे, हम भी हैं। आज वक्फ बोर्ड में सुधार से हम खुश हैं। मुस्लिम महिलाओं को अधिकार मिला है। राम का नाम ही संघर्ष को खत्म करने वाला है। विशाल भारत संस्थान की डॉ. नजमा परवीन ने कहा कि रामनवमी हमारे देश की संस्कृति का हिस्सा है। रामजी की कृपा से तीन तलाक का बिल और वक्फ बिल मुस्लिम महिलाओं के समर्थन में पास हुआ।संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीगुरुजी ने कहा कि श्रीराम का जन्मदिन मनाना हजारों वर्षों की परंपरा है।

## प्लॉट दिलाने के बहाने फौजी की पत्नी से 6.48 लाख ठगे

**कानपुर।** प्लॉट दिलाने का झांसा देकर फौजी की पत्नी से 6.48 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी के अहिरवां निवासी फौजी की पत्नी से जालसाजों ने प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 6.48 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने उन्हें सरकारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री थमा दी। जब वह निर्माण करवाने पहुंची तो ठगी की जानकारी हुई। पीड़िता ने डीसीपी पूर्वी के आदेश पर चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है। नर्वल निवासी सीमा सिंह के पति फौज में है। सीमा ने बताया कि वर्ष 2021 में उनकी मुलाकात सनिगवां निवासी सुमित द्विवेदी और मंगला विहार निवासी रवि विश्वकर्मा से हुई। आरोपियों ने उन्हें अहिरवां में 6.48 लाख रुपये का प्लॉट दिलाने का झांसा दिया। सीमा ने आरोपियों को रुपये दे दिए।

# रेलकर्मी का गला दबाकर हत्या, पोस्टमार्टम में खुला पत्नी का झूठ

**बिजनौर एजेंसी।**

दीपक और शिवानी ने लव मैरिज की थी। दोनों अपने घरवालों से अलग रह रहे थे। शिवानी ने दीपक के परिजनों को बताया कि हार्ट अटैक से मौत हुई, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि गला दबाकर मारा गया है। इस मामले के मेरठ के सौरभ हत्याकांड जैसा होने की आशंका है। पुलिस ने शिवानी को गिरफ्तार कर लिया है। रेलवे स्टेशन नजीबाबाद के कैरिज एंड वैगन में कार्यरत तकनीकी कर्मचारी दीपक कुमार की गला दबाकर हत्या कर दी गई।

परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पत्नी शिवानी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। दीपक के परिजनों ने नौकरी हड़पने के लिए दीपक की हत्या करने आरोप लगाया है। हल्दौर के गांव मुकरंदपुर निवासी 29 वर्षीय रेलवे कर्मी दीपक कुमार का विवाह चौहड़पुर नहटौर निवासी शिवानी से 17 जून 2024 को हुआ था। दीपक अपनी पत्नी के साथ आदर्श नगर नजीबाबाद में किराए के मकान में रह रहा था। दीपक की पत्नी शिवानी ने उसके परिजनों को पूजा करते समय हार्ट अटैक से मौत होने की जानकारी शुक्रवार की रात दी। दीपक के भाई पीयूष उर्फ मुकुल की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी शिवानी और एक अज्ञात के खिलाफ दीपक की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शिवानी को गिरफ्तार कर लिया। दीपक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से मौत होने की पुष्टि हो गई।

इसके बाद सीओ नितेश प्रताप सिंह और थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने हत्यारोपी पत्नी शिवानी से पूछताछ की। दीपक की हत्या से परिजन सदमे हैं। रेलकर्मी की मौत मामले में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम कराया गया है। अभियोग पंजीकृत कर लिया है। साक्ष्य के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। दीपक के परिजनों ने पत्नी शिवानी पर उसकी नौकरी पाने के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। दीपक की मां पुष्पा और भाई पीयूष का आरोप है कि दीपक ने



शिवानी से प्रेम विवाह किया था। शिवानी का ससुराल पक्ष के प्रति व्यवहार सही नहीं था। सास से भी वह मारपीट करती थी। हाल ही में शिवानी पति दीपक के साथ नजीबाबाद में किराए पर रह रही थी। दीपक का एक वर्षीय बेटा वेदांत है। शिवानी स्नातक है। दीपक की मां पुष्पा और भाई पीयूष का आरोप है कि शिवानी दीपक की नौकरी पाना चाहती थी। उसने किसी के साथ मिलकर दीपक को मौत के घाट उतारा, जिससे मृतक आश्रित में उसे रेलवे की नौकरी मिल जाए। रेल कर्मी दीपक वर्ष 2021 में सीआरपीएफ मणिपुर में भर्ती हुआ था। सीआरपीएफ की नौकरी छोड़कर दीपक ने मार्च 2023 में रेलवे की नौकरी ज्वाइन की थी।

मेरठ में मुस्कान रस्तोगी ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर पति सौरभ कुमार की हत्या कर दी थी। मुस्कान और सौरभ ने लव मैरिज की थी, दीपक और शिवानी ने भी। दोनों ही कपल्स अपने परिजनों से अलग किराए के मकान में रहते थे। दोनों ही जोड़ों का एक-एक ही बच्चा है। मुस्कान और शिवानी, दोनों से ही उनके ससुराल वाले खुश नहीं थे। सौरभ और दीपक, दोनों ही अपने काम के सिलसिले में अधिकतर समय घर से बाहर रहते थे। अब दोनों ही महिलाएं जेल में हैं। हालांकि बिजनौर वाले मामले में शिवानी के अलावा जिस दूसरे व्यक्ति के शामिल होने की बात परिजन कह रहे हैं, उसका पता अभी नहीं चला है।

## एपेक्स सेंटर में तीन गुना ज्यादा मरीज हो सकेंगे भर्ती, छह करोड़ से तैयार होगी डीपीआर

**कानपुर एजेंसी।**

न्यूरो साइंसेस प्रमुख डॉ. मनीष सिंह ने बताया कि अगले 10 सालों में रोगियों की बढ़ी हुई अनुमानित संख्या के आकलन के आधार पर ट्रॉमा सेंटर की क्षमता बढ़ाई गई है। यह क्षमता मौजूदा से तीन गुना अधिक रहेगी। कानपुर में हैलट परिसर का एपेक्स सेंटर ट्रॉमा का मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल होगा। इसमें ट्रॉमा रोगियों के इलाज से संबंधित सभी विभाग होंगे। साथ ही छत पर एक हेलीपैड भी होगा जिस पर एयर एंबुलेंस उतर सकेगी। 16 मॉड्यूलर ओटी के साथ एक इंटरवेंशनल ओटी और एक कैथ लैब भी रहेगी। ट्रॉमा सेंटर बनने के बाद वर्तमान की तुलना में तीन गुना रोगियों को एक समय में भर्ती किया जा सकेगा। एपेक्स ट्रॉमा सेंटर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के सारे बिंदुओं पर अंतिम निर्णय हो गया है। केंद्रीय



एजेंसी वास्तु निधि छह करोड़ रुपये में ट्रॉमा सेंटर की डीपीआर तैयार करेगी। इससे आसपास के 17 जिलों के ट्रॉमा रोगियों को लाभ मिलेगा। एपेक्स ट्रॉमा सेंटर की डीपीआर के संबंध में चार राउंड बैठक के बाद अंतिम निर्णय योजना विभाग ने लिया है। निर्माण स्थल की मिट्टी की जांच रिपोर्ट आने के बाद यहां तीन बेसमेंट बनाए जाने का निर्णय लिया गया। न्यूरो साइंसेस प्रमुख डॉ. मनीष सिंह ने बताया कि अगले 10 सालों में रोगियों की बढ़ी हुई अनुमानित संख्या के आकलन के आधार पर ट्रॉमा सेंटर की क्षमता बढ़ाई गई है। यह क्षमता मौजूदा से तीन गुना अधिक रहेगी। अभी ट्रॉमा के औसत 300 रोगी अस्पताल में भर्ती रहते हैं। बेसमेंट के तीन तलों में दो पर चार पहिया, दो पहिया और एंबुलेंस की पार्किंग रहेगी। निचले तल पर शव गृह रहेगा। इसके अलावा ब्लड बैंक सेंटर, पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, चेंजिंग रूम आदि रहेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रॉमा के रोगियों को एक छत के नीचे सभी विशेषज्ञताओं का इलाज मिलेगा। जीटी रोड के किनारे होने की वजह से ट्रॉमा रोगियों को लाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि इसके लाभ 17-18 जिलों के रोगियों को लाभ मिलेगा। तुरंत इलाज मिलने से हादसों के घायलों की जान बचेगी। ग्राउंड फ्लोरः रेड, यलो और ग्रीन ट्राइएज जोन होंगे। इनमें अतिगंभीर, गंभीर और सामान्य स्थिति के रोगियों को रखा जाएगा। यहीं से रोगियों को उनकी स्थिति के मुताबिक वार्डों में शिफ्ट किया जाएगा। ट्रॉमा ओपीडी चलेगी। 100 बेड आपदा प्रबंधन के लिए निश्चित रहेंगे। पहले से पांचवें फ्लोर तक॰ इमरजेंसी मेडिसिन, ट्रॉमेटोलॉजी, सामान्य सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, नाक, कान, गला रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, सीवीटीएस, न्यूरो सर्जरी, अस्थि रोग, मेडिसिन विभाग होंगे। हर विभाग में निश्चित बेड रहेंगे। छठवां प्लोरः 16 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, दो हाइब्रिड ओटी, एक इंटरवेंशनल ऑपरेशन थिएटर और कैथ लैब होगी।

## रामनवमी पर लाखों दियों से जगमगाया सरयू घाट, मनाया प्रभु श्रीराम का जन्मदिन



**अयोध्या एजेंसी।**

रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में सरयू नदी का चौधरी चरण सिंह घाट लाखों दियों की रोशनी से जगमगा उठा। रामनवमी के अवसर पर रविवार को अयोध्या में अलग ही छटा नजर आई। रामभक्तों ने सुबह ही सरयू में स्नान कर रामलला के दर्शन किए। वहीं, राम मंदिर में विराजमान रामलला का सूर्य की किरणों से भव्य अभिषेक किया गया जिसके गवाह दुनिया भर में फैले लाखों करोड़ों रामभक्त बने। वहीं, शाम को सरयू नदी के चौधरी चरण सिंह घाट पर दो लाख 51 हजार दिये जलाए गए। दियों की रोशनी में पूरा सरयू घाट जगमगा गया।सरयू घाट पर दीपोत्सव का आयोजन पर्यटन विभाग की ओर से किया गया था जिसमें 15 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।

## अमेरिका में फोर्ट बेंड काउंटी में भारतीय मूल के न्यायाधीश धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार



**वाशिंगटन एजेंसी।**

अमेरिका में फोर्ट बेंड काउंटी में भारतीय मूल के न्यायाधीश के.पी. जॉर्ज को वायर धोखाधड़ी और चुनावी वित्तीय रिपोर्ट के फर्जीवाड़े से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े जॉर्ज वर्ष 2018 से काउंटी के न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें शुक्रवार दोपहर करीब 3॰30 बजे काउंटी की एक जेल भेजा गया और 20,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत राशि का भुगतान करने के बाद रिहा कर दिया गया। अदालती रिकॉर्ड और फोर्ट बेंड काउंटी जिला अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार, जॉर्ज पर 30,000 से 1,50,000 अमेरिकी डॉलर तक के धन शोधन का आरोप है। शुक्रवार को जारी एक बयान में जॉर्ज ने कहा, ÷मुझे न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है और मैं खुद को निर्दोष साबित करने के लिए लड़ूंगा।÷ फोर्ट बेंड काउंटी में कार्यरत बिल रिकर्ट ने सार्वजनिक रूप से जॉर्ज से इस्तीफे की मांग की है। जिला अटॉर्नी कार्यालय ने कहा है कि मामले की जांच अभी जारी है।

## घर के पास मिली तीन साल की बच्ची लाश

**चंदौली एजेंसी।** भूसे के ढेर में बच्ची की लाश मिलने की सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। वह दो दिन से लापता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया कि शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं हैं। चंदौली के बबुरी थाना क्षेत्र के सुरौली गांव में बीते 4 मार्च की शाम अचानक गायब हुई 3 साल की मासूम किंजल का शव रविवार को घर से कुछ ही दूरी पर भूसे के ढेर में दबा मिला। गांव के लोग इससे संदिग्ध मान रहे हैं। पुलिस के अनुसार, बच्ची खेलते-खेलते भूसे के पास चली गई। भूसे का ढेर भरभरा कर गिर पड़ा दबकर दम घुटने से उसकी मौत हो गई। शरीर पर किसी भी तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। सुरौली गांव निवासी गोरख चौहान की तीन वर्षीय पुत्री किंजल शुक्रवार की शाम सात बजे घर के बाहर खेलते समय अचानक गायब हो गई।

## दक्षिण सूडान के पासपोर्ट धारकों के सभी वीजा रद्द कर रहा अमेरिकाः रुबियो



**वाशिंगटन एजेंसी।**

रुबियो ने कहा किअमेरिका वीजा रद्द करने के अलावा दक्षिण सूडान के पासपोर्ट धारकों को अमेरिका में प्रवेश से रोकने के लिए भविष्य में वीजा जारी करने पर भी रोक लगाएगा।

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कहा कि अमेरिका अब दक्षिण सूडान के पासपोर्ट धारकों के सभी वीजा रद्द कर रहा है। रुबियो ने दक्षिण सूडान की सरकार पर अमेरिका का फायदा उठाने का आरोप लगाया। रुबियो ने एक बयान में कहा, अमेरिका समेत कोई भी देश अगर किसी देश के नागरिकों को अपने यहां से निकालता है, तो उस देश को समय रहते अपने नागरिकों को वापस बुला लेना चाहिए। हालांकि दक्षिण सूडान की सरकार इस नियम का सही ढंग से पालन नहीं कर रही। रुबियो ने कहा किअमेरिका वीजा रद्द करने के अलावा दक्षिण सूडान के पासपोर्ट धारकों को अमेरिका में प्रवेश से रोकने के लिए भविष्य में वीजा जारी करने पर भी रोक लगाएगा।

## अमेरिका की सड़कों पर गुस्साए हजारों लोग, 50 राज्यों में बवाल, ट्रंप छोड़ देंगे राष्ट्रपति पद

**वाशिंगटन एजेंसी।**

ट्रंप की नीतियों में सरकारी कर्मचारियों में कटौती से लेकर व्यापार शुल्क और नागरिक स्वतंत्रता के हालात को लेकर वाशिंगटन, फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क, क्लोरोराडो और लांस एजेलिस सहित अन्य स्थानों पर रैली निकाली। ट्रंप प्रशासन के फैसलों के खिलाफ 150 से ज्यादा संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया।

डोनाल्ड ट्रंप को इन दिनों अमेरिका में अपने नागरिकों का कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है। हजारों की संख्या में अमेरिकी नागरिकों ने अलग अलग शहरों में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ रैलियां निकाली। बताया जा रहा है कि इन रैलियों का मकसद टैरिफ, कर्मचारियों छंटनी, अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति और मानवाधिकार समेत कई मुद्दों पर अपना विरोध जताने का है। ये प्रदर्शनकारी ट्रंप के कई कार्यकारी आदेशों के खिलाफ भी सड़कों पर उतरे हैं। ट्रंप की नीतियों



में सरकारी कर्मचारियों में कटौती से लेकर व्यापार शुल्क और नागरिक स्वतंत्रता के हालात को लेकर वाशिंगटन, फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क, क्लोरोराडो और लांस एजेलिस सहित अन्य स्थानों पर रैली निकाली। ट्रंप प्रशासन के फैसलों के खिलाफ 150 से ज्यादा संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन को हैंड्स ऑफ नाम दिया गया। हैंड्स ऑफ मतलब हमारे अधिकारों से दूर रहो। इस नारे का मकसद ये जताना है कि प्रदर्शनकारी नहीं चाहते हैं कि उनके अधिकारों पर किसी का भी नियंत्रण हो। रिपोर्ट के मुताबिक हैंड्स ऑफ आंदोलन के तहत पूरे देश के राज्यों में 1200 से ज्यादा विरोध प्रदर्शन देखा गया। प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि डोनाल्ड ट्रम्प और एलन मस्क ऐसे संसाधन ले रहे हैं जो उनके नहीं हैं, और वे दुनिया को उन्हें रोकने की चुनौती दे रहे हैं। इस आंदोलन के अंतर्गत आने वाले प्रमुख मुद्दों में शामिल हैं॰ सरकारी एजेंसियों की संख्या में कमी, स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों में कटौती और ट्रांसजेंडर अधिकारों पर प्रतिबंध। यह आंदोलन अप्रवासियों के साथ किए जाने वाले व्यवहार और सामूहिक निर्वासन का भी कड़ा विरोध करता है। वाशिंगटन डीसी के नेशनल मॉल से लेकर मैनहट्टन और बोस्टन कॉमन के दिल तक, प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को सरकारी एजेंसियों की कटौती, स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों में कटौती, अप्रवासियों के साथ व्यवहार और ट्रांसजेंडर अधिकारों पर प्रतिबंध सहित कई मुद्दों पर ट्रम्प और एलोन मस्क के कार्यों के प्रति अपना असंतोष व्यक्त किया। सिएटल में, प्रदर्शनकारियों ने संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने और कमजोर समुदायों के लिए सुरक्षा को सीमित करने के प्रशासन के कदमों पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कुलीनतंत्र से लड़ो जैसे वाक्यांशों के साथ बैनर पकड़े।